संख्या- 666 /26-ब0प्र0-2013-5(पी)/2013

प्रेषक,

दीनानाथ
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
प्रशिक्षण एवं सेवायोजन
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण लखनऊ: दिनांक: 06 दिसम्बर, 2013

विषय:- अनुसूचित जाति सब प्लान के अन्तर्गत स्थापित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊँचाहार रायबरेली के भवन निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक-374/तीन/वि-4/असेवित तह0/भूमि/ऊँचाहार/2012-13, दिनांक 14.11.2013 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊँचाहार रायबरेली के भवन निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-268/26-ब0प्र0-2013-106(एम)/2012, दिनांक 31 मार्च, 2013 द्वारा मानकीकृत लागत रू0 487.89 लाख पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू0 195.15 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी थी। श्री राज्यपाल महोदय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊँचाहार रायबरेली के भवन निर्माण हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में धनराशि रू0 150.00 लाख (रू0 एक करोड़ पचास लाख मात्र) स्वीकृत करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति शासनादेश संख्या-268/26-ब0प्र0-2013-106(एम)/2012, दिनांक 31 मार्च, 2013 में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है।

2- स्वीकृत धनराशि का कोषागार से आहरण 02 समान किश्तों में किया जायेगा। प्रथम किश्त का 75 प्रतिशत उपभोग होने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त का आहरण सुनिश्चित किया जायेगा।

3- स्वीकृत धनराशि के मासिक व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप में वित्त विभाग एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग को प्रतिमाह उपलब्ध कराये जायेगें तथा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-640/दस-2013-231/2013, दिनांक 28 मार्च, 2013 में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4250-अन्य समाज सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-05-राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के अवशेष निर्माण कार्य- 24-वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-640/दस-2013-231/2013, दिनांक 28 मार्च, 2013 मे निहित व्यवस्था के अधीन निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदयी
(दीनानाथ)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 666 (1)/26-ब0प्र0-2013-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. **महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी/लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।**
2. **सम्बन्धित जिलाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।**
3. **वित्त नियंत्रक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 लखनऊ।**
4. **निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय जवाहर भवन, लखनऊ।**
5. **प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0 लखनऊ।**
6. **वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1**
7. **गार्डफाइल।**

आज्ञा से

(दीनानाथ)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in